मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 22.10.2026

थाना को0देहात पुलिस द्वारा 100 ग्राम अवैध हेरोईन (अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये) के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद —

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 23.10.2026 को थाना को0देहात पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना को0देहात पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम बीरपुर स्थित शिवालय मंदिर के पास से मोटर साइकिल सवार 02 अभियुक्तों 1. मनीष कुमार पुत्र लालजी निवासी करकी थाना कर्मा जनपद सोनभद्र व 2. नीरज कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी करकी थाना कर्मा जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे 100 ग्राम अवैध हेरोइन (अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये), घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व 02 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-501/2026 धारा 8/21/29/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को 207 एमवी एक्ट में सीज करने की कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मनीष कुमार पुत्र लालजी निवासी करकी थाना कर्मा जनपद सोनभद्र, उम्र 22 वर्ष।
2. नीरज कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी करकी थाना कर्मा जनपद सोनभद्र, उम्र 21 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0-501/2026 धारा 8/21/29/60 एनडीपीएस थाना को0देहात जनपद मीरजापुर।

वरामदगी विवरण-

100 ग्राम अवैध हेरोईन (अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये)
घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व 02 अदद मोबाइल फोन।

पुलिस टीम गिरफ्तार/बरामदगी -

उप निरीक्षक ऋषिदेव शुक्ला चौकी प्रभारी करनपुर मय पुलिस टीम थाना को0देहात जनपद मीरजापुर।


कार्यालय